सांवरे को मन जो बसाये कभी ना दु:ख पाए लिरिक्स

सांवरे को मन जो बसाये,
कभी ना दु:ख पाए,
ये खाटू वाला उसके संग हो जाए,
पावन है कितना वो तोरण द्वार,
बैठा है जहाँ पे लखदातार।bd।

तर्ज – पग पग दीप जलाए।

आता है जो भी यहाँ एक बार,
बाबा की धरती से हो जाता है प्यार,
इस माटी की महिमा अपार,
इसको अपने माथे जो लगाए,
बड़ा ही सुख पाए,
तो उसकी सारी विपदाएं टल जाएँ,
होता है यहाँ पे बेडा पार,
बैठा है जहाँ पे लखदातार,
पावन है कितना वो तोरण द्वार
बैठा है जहाँ पे लखदातार।bd।

होता है आके यहाँ एहसास,
सांवरा करेगा पूरी हर आस,
करना पड़ेगा तुझे विश्वास,
बाबा को जो दीवाना हो जाए,
प्रेमी का प्रेम पाए,
वो पागल इसका निराला कहलाये,
खाटू में ऐसा है चमत्कार,
बैठा है जहाँ पे लखदातार,
पावन है कितना वो तोरण द्वार,
बैठा है जहाँ पे लखदातार।bd।

खाटू में देखो जहाँ जिस ओर,
भजनो को सुन मन भाव विभोर,
प्रेम की है छाई घटा घनघोर,
सांवरे को मन जो बसाये,
कभी ना दु:ख पाए,
ये खाटू वाला उसके संग हो जाए,
पावन है कितना वो तोरण द्वार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

Singer – Neeraj Nirala Yadav

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com